झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र — सेट-5

कक्षा-10	विषय- हिंदी 'ए'	समय – 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक-40

सामान्य निर्देश:-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

खंड 'क' (अपठित बोध)

निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।

हमारे जीवन में साहित्य का बहुत महत्व है। साहित्य मानव जीवन को वाणी देने के साथ-साथ समाज का पथ प्रदर्शन भी करता है। साहित्य मानव जीवन के अतीत का ज्ञान कराता है, वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता है और भविष्य के निर्माण की प्रेरणा भी देता है। किसी समाज का साहित्य क्षीण होने लगे तो समाज भी रसातल को चला जाता है। साहित्य सूर्य की भाँति समाज के समस्त विकारों का हरण करता है।साहित्य ही हमें मनुष्य की कोटि में बनाए रखता है और मानवीय गुणों से भर देता है।

01. हमारे जीवन में किसका महत्व है?

A. पैसों का   B.भौतिक सुख-सुविधाओं का

C. ऐश्वर्य का   D.साहित्य का

02. साहित्य मानव जीवन का क्या है?

A. पथ प्रदर्शक   B.धन कमाने का साधन मात्र

C. मनोरंजन का साधन मात्र   D.इनमें से कोई नहीं

03. समाज रसातल को कब चला जाता है?

A.जब हम सत्य की राह चले B. जब हम प्रयास ना करें

C.जब साहित्य क्षीण होने लगेD. जब हम घर में बैठ जाए

04. समाज किस की भाँति समाज के समस्त विकारों का हरण करता है?

A.सूर्य की B. चाँद की C.तारों की D.नक्षत्रों की

05. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

A.समाज का महत्व B.मनुष्य का महत्व

C.साहित्य का महत्व D. अतीत का महत्व

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

मत काटो तुम यह पेड़ है ये लज्जा वसन

इस माँ वसुंधरा के,इस संहार के बाद,

अशोक की तरह सचमुच

तुम बहुत पछताओगे।

बोलो फिर किसकी गोद में सिर छिपाओगे?

शीतल छाया फिर कहाँ से पाओगे?

कहाँ से पाओगे फिर फल?

कहाँ से मिलेगा शस्य श्यामला को सींचने वाला जल?

रेगिस्तान में तब्दील हो जाएँगे खेत

बरसेंगे कहाँ से घुमड़कर बादल?

थके हुए मुसाफिर,

पाएँगे कहाँ से श्रमहारी छाया?

06. हमें क्या नहीं काटना चाहिए?

A. सब्जी B. फल C.पेड़ D.कपड़े

07.संहार के बाद किसकी तरह पछताएंगे?

A. अशोक की तरह B.मनोज की तरह

C.श्यामल की तरह D.मुसाफिर की तरह

08.पेड़ हमें क्या देते हैं?

A. शीतल छाया B.गर्म हवा

C. रेगिस्तान D. परिश्रम

09.शस्यश्यामला किसे कहा गया है?

A.आकाश को B. प्रकृति को

C.हरी-भरी धरती को D. बादलों को

10.काव्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दें?

A. रेगिस्तान B.पेड़ पौधे का संहार

C.हरे-भरे पेड़ D. जलवायु

खंड-ख (व्याकरण)

11. कौन-सा वाक्य सकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?

A.राम कार चला रहा है B. तोता उड़ता है

C.वह सोता है D.बच्चा हंसता है

12. कौन सा वाक्य अकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?

A.सीता पत्र लिखती है B.मयूर नाचता है

C.रीमा सिनेमा देखती है D. श्याम ने गाना गाया

13. कौन सा तारा का एक अर्थ है?

A. समय B.चमक C.नक्षत्र D. प्यारा

14. दो या दो से अधिक पदों के मेल को क्या कहते हैं?

A. संधि B.समास C. उपसर्ग D. प्रत्यय

15. 'आजीवन' कौन-सा समास है ?

A.अव्ययीभाव B.तत्पुरुष C. कर्मधारय D. द्विगु

16.'नीला हैजो कंठ'किस समास का विग्रह है?

A.कर्मधारय B. तत्पुरुष C. अव्ययीभाव D.द्वंद्व

17.' राजकुमार' इस शब्द में कौन-सा समास है?

A. तत्पुरुष B.बहुव्रीहि C.अव्ययीभाव D. कर्मधारय

18.'जो जैसा करता है वह वैसा ही पाता है।'रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ?

A.संयुक्त B.सरल C. मिश्र D. उपवाक्य

19. “मीरा के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।"कौन-सा वाच्य है?

A. कर्तृवाच्य B.कर्मवाच्य C. भाववाच्य D. इनमें से कोई नहीं

20. ‘जिन शब्दों के रूप में लिंग ,वचन, काल, क्रिया, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता है उन्हें अव्यय कहते हैं।‘ अव्यय को दूसरे किस नाम से जाना जाता है?

A.विकारी B. अविकारी C. संज्ञा D. व्यय

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21-24 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

हमारे हरि हारिल की लकरी

मन क्रम वचन नंदन उर, यह दृढ़ करी पकरी

जागत-सोवत-स्वप्न-दिवस निसि,कान्ह कान्ह जकरी

सुनत जोग लागत है ऐसौं,ज्यौं करूई ककरी

सु तौं व्याधि उनको लेआए,देखी सुनी न करी

यह तौं सूर तिनहिं लै सौंपो, जिनके मन चकरी

21.प्रस्तुत पद के रचनाकार कौन है ?

A.सूरदास B.तुलसीदास C. कबीरदास D.रैदास

22. गोपियों की दशा किस पक्षी की तरह हो गई है?

A. कोयल की तरह B.कबूतर की तरह

C. तोता की तरह D.हारिल की तरह

23. गोपियों को उद्धव द्वारा दिया गया योग का ज्ञान किसके समान लगता है?

A.अमृत के समान B.कड़वी ककरी के समान

C. मोक्ष के समान D. प्रेम के समान

24.गोपियाँ जागते सोते सपने में दिन-रात किसका नाम जपती रहती है ?

A.सूरदास का B.कृष्ण का

C. उद्भव का D.कवि का

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

25. 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता के कवि का नाम क्या है?

A.सूर्यकांत त्रिपाठी निराला B. स्वयं प्रकाश

C.नागार्जुन D. सूरदास

26."घेर घेर घेर धाराधार ओ" यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?

A.फसल B.अट नहीं रही है

C.उत्साह D.यह दंतुरित मुस्कान

27. 'अट नहीं रही है' कविता में किस की आभा हट नहीं रही है?

A.फूलों की B.कवि की

C.बादलों की D.फागुन की

28. 'यह दंतुरित मुसकान' में कविको एकटक कौन निहार रहा है?

A.पत्नी B.शिशु C. मेहमान D.पिता

निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 29-32 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

बालगोबिन भगत मंझोले कद केगोरे चिट्टे आदमी थे।साठ के ऊपर के ही होंगे।बाल पक गए थे, लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथियों की सी कनफटी टोपी। जब जाड़ा आता,एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते ।मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन,जो ना के एक छोर से ही औरतों के टीके की तरह शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडोल माला बाँधे रहते ।

29. बाल गोबिन भगत कैसे कद के थे ?

A.नाटे कद के B. लंबे कद के

C. मंझोले कदके D. छोटे कद के

30.बालगोबिन भगत की उम्र कितनी होगी?

A.50 के ऊपर B. 60 के ऊपर

C.70 के ऊपर D. 40 के ऊपर

31. बालगोबिन भगत की टोपी कैसी थी?

A.सूरदास जैसी B.कबीरपंथी जैसी

C.बच्चों की टोपीजैसी D.गाँधी जी की टोपी जैसी

32.बालगोबिन भगत गले में कैसी माला बाँधे रहते थे?

A.जंगली फूलों की B.माला तुलसी की जड़ों की एक बेडोल माला

C.सोने की सुंदर माला D. रुद्राक्ष की माला

33. 'बालगोबिन भगत' पाठ के लेखक कौन हैं?

A. प्रेमचंद B. स्वयं प्रकाश C. रामवृक्ष बेनीपुरी D. शिवपूजन सहाय

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

34.हालदार साहब क्यों कस्बे से गुजरते थे?

A. घूमने जाते थे B.खरीदारी करने के लिए

C.रिश्तेदारों से मिलने के लिए D. कंपनी के काम के सिलसिले में

35.नेताजी का चश्मा पाठ में कैप्टन कौन है?

A.पानवाला B.चश्मे वाला C.हालदार साहबD. बच्चे

36. 'नेताजी का चश्मा' पाठ में पानवाला उदास क्यों हो गया?

A. पान की बिक्री नहीं हो पा रही थी

B. हालदार साहब पान खाने नहीं आते थे

C.कैप्टन की मृत्यु हो गई

D. सुभाष की मृत्यु टूट गई थी

निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 37-40 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

माता से केवल दूध पीने का तक का नाता था,इसलिए पिताजी के साथ ही हम भी बाहर की बैठक में ही सोया करते। वह अपने साथ ही हमें भी उठाते और साथ ही नहला-धुला कर पूजा पर बिठा लेते। हम भभूत का तिलक लगा देने के लिए उनको दिक करने लगते थे।कुछ हँसकर,कुछ झुंझलाकर और कुछ डांट कर वह हमारे चौड़े लिलार में त्रिपुंड कर देते थे।हमारे लिलार में भभूत बहुत खूब खुलती थी।सिर में लंबी-लंबी जटाएँ थी। भभूत रमाने से हम खासे 'बम भोला 'बन जाते थे।

37. माता का अंचल कहानी के लेखक कौन है?

A. प्रेमचंद B.शिवपूजन सहाय C.कमलेश्वर D. अज्ञेय

38. भोलानाथ का वास्तविक नाम क्या था?

A.शिवनाथ B.तारकेश्वर नाथ C. अमरनाथ D. केदारनाथ

39. 'लिलार' शब्द का क्या मतलब है?

A. लाली B. लालिमा C. लाल रंग D.ललाट

40.भोलानाथ के सिर में क्या थी?

A. तेज दर्द B.छोटे-छोटे C.लंबी-लंबी जटाएँ D. घुंघराले बाल

*****